# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com ● राहतगढ़ ● खुरई ● पथरिया ● सिलवानी ● गैरतगंज ● गंजबासौदा ● सिरोंज ● बीना ● शमशाबाद भोपाल 20 फरवरी 2026


## न्यूज कार्नर

### लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रैल से

**जागरण, सागर।** लेखा प्रशिक्षण शाला सागर का आगामी 115वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रैल से 30 जून तक होगा। प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के इच्छुक लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने आवेदन पत्र तीन मूल प्रतियों में कार्यालय प्रमुख से अभिप्रमाणित कराकर लेखा प्रशिक्षण शाला सागर में 16 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा करें। प्रवेश हेतु मप्र शासन वित्त विभाग के अनुसार वही लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी पात्र होंगे जिन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा नियमानुसार छूट प्राप्त हो। आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र अभिप्रमाणित कर संलग्न करना आवश्यक है। साथ ही शासकीय कर्मचारी की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होना भी अनिवार्य रखा गया है।

### युवा संगम का आयोजन 23 फरवरी को

**जागरण, सागर।** जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में किया जाएगा। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदकों को साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन सहित अन्य दस्तावेज आवश्यक है।

### परीक्षा के लिए अभिरक्षा केंद्र एवं प्रभारी नियुक्त

**जागरण, सागर।** लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा के संचालन एवं मूल्यांकन कार्य के लिए जिले के समस्त विकासखंडों में प्रश्नपत्र अभिरक्षा केंद्र एवं उनके प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर संदीप जीआर ने निर्देशित किया है कि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता, सुरक्षित संधारण एवं समय पर वितरण सुनिश्चित करते हुए शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कर परीक्षा कार्य को पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जाए।

### 10वीं-12वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**जागरण, सागर।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि गुरुवार को आयोजित हाईस्कूल परीक्षा विषय संस्कृत जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। जिले के 11 विकासखंडों में कुल 142 परीक्षा केंद्रों पर 30118 परीक्षार्थी दर्ज थे जिनमें से 29612 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 506 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। विभिन्न केंद्रों पर कुल 58 निरीक्षण किए गए। हायर सेकेंडरी परीक्षा विषय मनोविज्ञान भी आयोजित की गई। इस परीक्षा में राहतगढ़ एवं सागर विकासखंड के कुल 3 केंद्रों पर 13 परीक्षार्थी दर्ज थे जिनमें सभी 13 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस परीक्षा में भी नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ तथा एक केंद्र का निरीक्षण किया गया। विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

### कैंट थाना क्षेत्र में मर्डर, पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच करने पहुंची

# शहर में लगातार अपराध: पत्थर से कुचलकर युवक की निर्मम हत्या, खेत में पड़ा मिला शव





**जागरण, सागर।** शहर में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और गंभीर बात यह कि इसमें हत्या की घटनाएं भी शामिल हैं। अब मामला केंट थाना क्षेत्र से आया है जहां एक खेत से गुरुवार को पुलिस ने एक युवक का रक्तरंजित शव बरामद किया है। आसपास खून से सने पत्थर मिले हैं जिससे साफ हो रहा है कि उसकी पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या की गई है। फिलहाल मामला पुलिस जांच में है। घटना से आक्रोशित लोगों ने भैंसा नाका पर चक्काजाम कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह कैंट थाना क्षेत्र में गढ़पहरा रोड पर खेत में एक शव को देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सनसनीखेज मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार युवक के शव के आसपास खून से सने पत्थर पड़े मिले हैं और मृतक के सिर और चेहरे पर भी चोटों के निशान हैं। अज्ञात आरोपी ने शायद मृतक की पहचान छिपाने के लिए चेहरे को बुरी तरह कुचल दिया, ऐसा पुलिस मान रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। गढ़पहरा रोड पर सदर के पास स्थित खेत में मिले शव को लेकर इसकी पहचान मनोज अहिरवार उम्र 35 साल निवासी भैंसा के रूप में हुई है। हत्या के इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके से हत्या से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं। हालांकि पुलिस अभी सारे पहलुओं पर जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और मृतक के संपर्कों की जानकारी भी निकाली जा रही है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही खुलासा करने की बात पुलिस ने कही है। जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा।

### आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम, दिखाई नाराजगी



वहीं निर्मम हत्या के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई। अज्ञात आरोपी की गिर तारी और स त कार्यवाही की मांग के साथ उन्होंने भैंसा नाका मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। दोपहर से शुरू हुआ चक्काजाम कई घंटे तक चलता रहा। बता दें कि शहर में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। ऐसा लगता है कि अपराधियों के मन में पुलिस का जैसे कोई खौफ नहीं है। मोतीनगर क्षेत्र में बारात में हुई फायरिंग से नाबालिग की मौत का मामला चल ही रहा है। इस घटना के बाद एक और बारात में हर्ष फायर का मामला सामने आया। अब यह जघन्य हत्या की वारदात लोगों को दहशत के साये में जीने को विवश कर रही है। दरअसल, शराबनोशी के बाद इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे में पुलिस को इस बात की सख्त निगरानी करनी होगी कि लोग अनाधिकृत और सार्वजनिक स्थानों पर शराब न पीएं।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर वाहन रैली निकाली



**बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के लोग शामिल हुए**

**जागरण,जैसीनगर।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती गुरुवार को जैसीनगर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के लोग शामिल हुए। दोपहर 12 बजे गौर निवास पर समाजजनों ने एकत्रित होकर शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने उनके शौर्य, राष्ट्रभक्ति और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इसके बाद डीजे पर देशभक्ति गीतों के बीच वाहन रैली निकाली गई। रैली नगर के प्रमुख मार्गों जनपद पंचायत रोड, बस स्टैंड, ठेंगे बाबा, चौक बाजार सहित विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन पुनः गौर निवास पर हुआ। आयोजन में कुर्मी समाज के पदाधिकारी, समाजजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी नगरवासी उपस्थित रहे।

## दुर्घटनाओं को रोकने कार्य करेंगे सड़क सुरक्षा मित्र, ब्लैक स्पॉट पर होगी तैनाती

**जागरण, सागर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 6 जिलों का चयन किया गया है जिसमें से सागर एक है। जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत सागर जिले में 246 सड़क सुरक्षा मित्रों का चयन किया जाकर माय भारत पोर्टल पर उनका पंजीयन किया गया है। सड़क सुरक्षा मित्रों के चयन में यह तथ्य विशेष तौर पर ध्यान में रखा गया है कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक सड़क दुर्घटनायें घटित हो रही थी। उन क्षेत्रों से मु य तौर पर सड़क सुरक्षा मित्रों का चयन किया गया है। सड़क सुरक्षा मित्रों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को पदमाकर सभागार मोतीनगर में प्रातः 10:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मु य अतिथि के तौर पर कलेक्टर संदीप जीआर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल उपस्थित रहेंगे तथा अपने उद्बोधन के माध्यम से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष तौर पर सेव लाईफ फाउण्डेशन के विशेषज्ञ दिल्ली से प्रशिक्षण हेतु उपस्थित होकर राहवीर योजना, दुर्घटना के कानूनी पहलू तथा बेसिक ट्रामा लाईफ सपोर्ट का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यातायात के नियमों की जानकारी प्रदान की जावेगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सागर द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु जिलास्तरीय मैकेनिजम तथा बचाव एवं प्रतिक्रिया समन्वय का प्रशिक्षण दिया जावेगा। प्रशिक्षण में स मलित समस्त प्रतिभागियों का पंजीयन किया जावेगा। पंजीयन के साथ उन्हें परिचय पत्र प्रदान किया जावेगा। कार्यक्रम में चयन पत्र, हेलमेट, से टी जैकेट, कैप का निःशुल्क प्रदान किया जावेगा। समस्त सड़क सुरक्षा मित्रों को सर्वाधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्र में पदस्थ किया जावेगा तथा उन क्षेत्रों की सड़कों में सुधार के संबंध में प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्राप्त की जावेगी। प्रस्तुत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर उन सड़कों के रेक्टीफिकेशन का कार्य किया जावेगा। गौरतलब है कि जिले में बड़ी संख्या में सड़क हादसे हो रहे हैं और लोग अपनी जान गवां रहे हैं।

## बदला मौसम: गर्मी की आहट के बीच फिर लौटी ठंडक

### गुरुवार को दिनभर आसमान में रहा बादलों का डेरा



**जागरण, सागर।** राजस्थान में सिस्टम का असर प्रदेश के साथ सागर जिले में भी नजर आया। गुरुवार को पूरे दिन आसमान में बादलों का डेरा रहा। सुबह के वक्त शहर में भी हल्की बूंदाबांदी हुई और ठंडी हवाएं चली। इस कारण दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। स्थानीय मौसम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान में कम दबाव का सिस्टम बनने के कारण इसका असर पूर्वोत्तर मप्र में भी हुआ है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश हुई तो कई जगह आसमान में बादलों के छाए रहने के साथ ही बूंदाबांदी भी हुई। जिले में अमूमन ऐसा ही मौसम रहा और ग्रामीण क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई है। हालांकि अनुमान जताया गया है कि शुक्रवार तक मौसम साफ हो जाएगा। बता दें कि शहर में एक दिन पहले ही तीखी धूप और सर्द हवाएं बंद होने से लोग ऊनी वस्त्रों में नहीं दिख रहे थे लेकिन कुछ घंटों के अंतराल से एकाएक मौसम की बाजी पलट गई। गुरुवार को एक बार फिर लोग ठंड से बचने के लिए स्वेटर और टोपा पहने दिख रहे थे। पिछले 24 घंटों में रात का तापमान करीब 4 डिग्री गिर गया है। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। हवाएं चलने से वातावरण में ठंडक घुल गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को शहर में अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम रहा। एक दिन पहले यह 31.2 डिग्री सैल्सियस था। वहीं रात का तापमान भी गिरा है और यह सामान्य रहकर 13.8 डिग्री सैल्सियस रहा जबकि बुधवार को 17.6 डिग्री था।

## फर्जी डीएसपी और दो आरक्षक को नहीं मिली जमानत, जेल भेजा

### ठगी के मामले में पकड़े गए थे आरोपी

**जागरण, सागर।** शाहगढ़ न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा गढ़ाकोटा निवासी फर्जी डीएसपी शिवम चतुर्वेदी और जबलपुर के बरही गांव निवासी फर्जी आरक्षक बने राजकुमार ठाकुर और सतीश सिंह ठाकुर को गुरुवार को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, पुलिस के अनुसार आरोपियों के साथ ठगी करने में एक बड़ा गिरोह होने की संभावना जताई थी। पूछताछ में खुलासा होने का हवाला देते हुए शाहगढ़ पुलिस द्वारा एक दिन के लिए रिमांड पर लेने मांगी गई। अर्जी निरस्त करते हुए जेल भेजने का आदेश जारी किया गया। गुरूवार शाम आरोपी को बंडा जेल भेज दिया गया। यहां बता दें शाहगढ़ पुलिस थाना के प्रभारी संदीप खरे द्वारा फर्जी डीएसपी बनकर बेरोजगारों को रोजगार देने के एवज में एक बेरोजगार युवक से तय की गई राशि लेने बिना नंबर की नई काली रंग के बुलेरो वाहन से शाहगढ़ पहुंचे शिवम चतुर्वेदी सहित उनके साथ आरक्षक की फर्जी वर्दी पहनकर ठगी में शामिल रहे राजकुमार ठाकुर और सतीश ठाकुर को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी अपने को आईपीएस ऑफिसर और जबलपुर में पदस्थ होना बता रहा था। युवक को शक होने पर शाहगढ़ थाना प्रभारी को सूचना दी और जानकारी की गई तब पता चला था कि इस नाम का कोई अधिकारी पदस्थ नहीं है। इस प्रकार की पुष्टि होने पर थाना प्रभारी ने आरोपी शिवम, राजकुमार, और सतीश तीनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया था और पुलिस ने इनसे पूछताछ की थी।

## विद्यार्थियों को दी प्रतियोगी परीक्षा की जानकारी




**जागरण, गौरझामर।** शासकीय पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा में हिंदी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार एमए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का सेमिनार प्रस्तुतीकरण आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती के नेतृत्व में हिंदी के प्राध्यापक रश्मि कर्मी तथा ममता अहिरवार द्वारा प्रस्तुतीकरण के समय छात्र-छात्राओं से प्रश्न भी किए गए जिनका समाधान भी किया गया। हिंदी साहित्य का इतिहास, भक्ति काल के कविए रीतिकाल के कवि, हिंदी साहित्य इतिहास लेखन की परंपरा, काल विभाजन, नामकरण आदि विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। प्राचार्य डॉ.घनश्याम भारती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेमिनार प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों की मंच पर बोलने की कला विकसित होती है। साथ ही आगे प्रतियोगी परीक्षाओं में साक्षात्कार की तैयारी भी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हो रही है। डॉ.भारती ने विद्यार्थियों को हिंदी विषय में रोजगार के अवसर तथा नेट एवं पीएससी की परीक्षा की तैयारी संबंधी मार्गदर्शन दिया। श्रीमती रश्मि कुर्मी ने विद्यार्थियों को प्रस्तुतीकरण संबंधी कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। सेमिनार प्रस्तुतीकरण की निर्देशिका एवं संचालिका ममता अहिरवार रहीं। हिंदी विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं द्वारा अपने गुरुजनों का आभार व्यक्त किया गया।


**CHANGE OF NAME**

I,**KANTI DEVI** MOTHER OF ARMY NO-**4575403H**, RANK-**HAV**, NAME **DEVENDRA KUMAR SHARMA** SERVING IN **INDIAN ARMY** HOME ADD.–VPO-**AHAMADPUR**,-TEH-**MAT**, DIST.-**MATHURA**, STATE-**UTTAR PARDESH** ,PIN CODE-**281201**, HAVE CHANGED MY NAME FROM **KANTI DEVI** TO **KANTA DEVI** VIDE AFFIDAVIT DATED 19/02/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO-4575505Y, RANK.-HAV, NAME-PAWAN KUMAR SERVING IN INDIAN ARMY HOME ADDRESS – PIPALA IKHLASPUR , PO BEEHRA ,DIST.-BULANDSHAHR, STATE-UTTAR PRADESH , PIN-245407, HAVE CHANGED MY DAUGHTER'S NAME FROM KHUSHBHU TO KHUSHBOO VIDE AFFIDAVIT DATED 18/02/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.


**परेशानी** | **लापरवाहीपूर्वक सड़क के कुछ हिस्से बीच में छोड़ दिए**

# आवागमन में रोड़ा बनी आधी अधूरी सड़क



**जागरण, राहतगढ़।** शासन द्वारा निर्माण एजेंसी के ठेकेदार से डूब प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणजनों के आवागमन की व्यवस्था के लिए पक्की सड़कें बनवाई गई हैं। जिससे ग्रामवासी सुलभता से मुख्य मार्गों तक पहुंच सकें। लेकिन क्षेत्र में कई जगह निर्माण कंपनी द्वारा मनमाने रूप से सड़क बनाई गई हैं जिनमें कुछ हिस्से बीच में छोड़ दिए गए हैं जिससे वाहन चालक एवं ग्रामवासी परेशान हो रहे हैं। ऐसा ही हाल ब्लाक क्षेत्र के बेगमगंज मार्ग पर ग्राम खिरिया में बना है। जहां सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार व एजेंसी द्वारा मु य मार्ग से गांव को जोड़ने वाली सड़क आधी अधूरी स्थिति में छोड़ दी गई है। मुख्य मार्ग से ढलान रूपी कच्ची सड़क वाहन चालकों को परेशानी उत्पन्न कर रही है वहीं हादसों की भी आशंका बनी रहती है। ग्रामवासी अमरसिंह राजपूत ने बताया कि मड़िया डेम में डूब प्रभावित क्षेत्र में आवागमन के लिए नई सड़क बनाई गई है। लेकिन ग्राम खिरिया तिगड्डा मु य मार्ग से ग्राम चन्दनहारी हिनोतिया चौका भूरेरू आदि जाने वाले वाली सड़क बीच में अधूरी छोड़ दी गई है और ढलान रूपी रास्ता होने से लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। उक्त मुख्य मार्ग पर कॉरिडोर बनने से सड़क ऊंची हो गई वहीं गांव की ओर जाने वाली सड़क नीची एवं ढलान में होने से ग्रामीण रोज परेशान हो रहे हैं। उक्त मार्ग से करीब आधा दर्जन गांवों का संपर्क रहता है जिसका खामियाजा सभी ग्रामवासी भुगत रहे हैं। जिस तरफ प्रशासन एवं संबंधित विभाग भी ध्यान नहीं दे रहा। ग्रामवासियों का कहना है कि संबंधित ठेकेदार से उक्त सड़क को व्यवस्थित कराने की बार बार मांग की जा रही है लेकिन उनके द्वारा करीब छह माह से महज आश्वासन ही दिया जा रहा है और दो निर्माण कंपनी के बीच मामला फंसा हुआ है। ग्रामवासियों ने शीघ्र ही सड़क को उचित रूप से बनाए जाने एवं संबंधित अधिकारियों से इस ओर ध्यान देने की मांग की है। इस संबंध में जागरण संवाददाता ने उक्त सड़क निर्माण करने वाली एलसीसी कंपनी गुजरात के ठेकेदार नानजी भाई से बात की तो उन्होंने बताया कि संबंधित कॉरिडोर बनाने वाली कंपनी को यह सड़क पूर्ण करके देना थी। फिर भी कुछ समय बाद हम ही उक्त सड़क को बनाने की व्यवस्था कर देंगे।

## त्यौहार के मद्देनजर प्रशासन ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च



**जागरण राहतगढ़ ।** नगर में रमजान एवं अन्य आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शांति सद्भावना एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने जिला पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल के निर्देशन में राहतगढ़ पुलिस थाना द्वारा सीआरपीएफ के रैपिड एक्शन फोर्स के साथ लैग मार्च निकाला। जो पुलिस थाना से प्रारंभ होकर बसस्टैंड शनिचरा बाजार पुराना थाना बुधवारा झंडा चौक यूसुफ चौराहा संजय मार्केट मेन रोड होता हुआ वापिस पुलिस थाने तक निकला। इस दौरान टीआई मुकेशसिंह ठाकुर एएसआई बीएस ठाकुर भगवान दास सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। गौरतलब है कि त्यौहारों का मौसम पास है और लोग अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। जिनमें उत्साह बना है।


**CHANGE OF NAME**

I, KRISHNA RANI BISWAS, IS MOTHER OF ARMY NO-JC 571841P, RANK.- SUB, NAME-SUSHANTA KR BISWAS SERVING IN INDIAN ARMY HOME ADDRESS-AT VPO- UJIRPUKARIA, TEHSIL-RANAGHAT, DIST.-NADIA, STATE-WEST BENGAL, PIN CODE-741238, HAVE CHANGED MY NAME FROM KRISHNA RANI BISWAS to KRISHNA BISWAS VIDE AFFIDAVIT DATED 19/02/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

In The Court Of III Additional District Judge, Civil Court, Khurai
Presiding Officer :श्रीमति संध्या मनोज श्रीवास्तव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MJC GW/0000001/2026)
**राजवीर सिंह नाबालिग संरक्षक पिता गंधर्व सिंह....वादी**
**Vs राधारानी विश्वकर्मा.........प्रतिवादीगण**
Process Id-/2026 **पेशी दिनांक : 10/03/2026**

राजवीर सिंह नाबालिग संरक्षक पिता गंधर्व सिंह पता विरुद्ध (1) आम नागरिकगण पता-ग्राम नगदा तह. खुरई जिला सागर म.प्र.

यह कि प्रार्थी राजवीर सिंह नाबालिग संरक्षक पिता गंधर्व सिंह ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 08 हिन्दु अप्राप्तवयता और संरक्षण अधिनियम 1956 वास्ते तबादला की स्वीकृति प्रदान किये जाने के लिए आवेदन संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय मे सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वताई गई अवधि मे इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 11 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**संध्या मनोज श्रीवास्तव**
**तृतीय जिला न्यायाधीश, खुरई जिला सागर म.प्र.**
कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## न्यूज कार्नर

### अवैध शराब से भरी कार पकड़ी



**जागरण, हटा।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हटा थाना पुलिस ने रसीलपुर मार्ग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऑल्टो कार से 10 पेटी देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने रसीलपुर मार्ग पर घेराबंदी की। इस दौरान संदिग्ध ऑल्टो कार को रोककर तलाशी ली गई जिसमें अवैध देशी शराब की 10 पेटियां बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये तथा वाहन की कीमत लगभग 1 लाख रुपये है। इस प्रकार कुल 1 लाख 50 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही अवैध शराब के स्रोत एवं सप्लाई नेटवर्क की जांच भी की जा रही है। कार्रवाई में एसआई नरेंद्र तिवारी, एएसआई अरविंद राय, प्रधान आरक्षक कमल, आरक्षक संजय अठ्या, विजय कुमार, दिनेश कुरेरिया, संजय और पवन रत्नेश का सराहनीय योगदान रहा।

### जगन्नाथपुरी यात्रा 20 मार्च को प्रस्तावित

**दमोह।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 20 मार्च को ट्रेन जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा के लिये जाना प्रस्तावित है। जो आवेदक मप्र के वरिष्ठजन जिनकी आयु 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, महिलाओं के मामले में 2 वर्ष की छूट, जो आयकर दाता नहीं है जो जगन्नाथपुरी की तीर्थ यात्रा के लिये जाना चाहते हैं, वे आवेदक अपने आवेदन पत्र अपने निकटतम स्थानीय निकाय नगर पालिका/नगर परिषद/जनपद कार्यालय में जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा के लिये 6 मार्च तक आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा कर सकते हैं।

**कृषि विज्ञान केंद्र में स्थापित होगा प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण संस्थान**

# निरीक्षण : दमोह प्राकृतिक खेती का उभरता हब : कलेक्टर कोचर

**जागरण दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि दमोह जिला प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। उन्होंने बताया कि युवा किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों को देखने के लिए वे श्री दबे के अनुरोध पर उनके फार्म पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जैविक खाद निर्माण, खरबूज-तरबूज की उन्नत खेती, आम के बागान और ग्राफ्टिंग पद्धति से विकसित पौधों को देखा और उन्होने कहा दमोह जिले में अमृत. कृषि का एक खूबसूरत धड़ा देखने को मिला। इस विरासत के विकास और विस्तार की शुभकामनाएं

कलेक्टर ने कहा कि यह फार्म जैविक खेती का जीवंत दस्तावेज है, यहॉ पर युवा ऊर्जा से बढती उर्वरता और अनुभव से जुडते प्राकृतिक आयाम का बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। उन्होंने विशेष रूप से श्री अहिरवार और युवा किसान की सराहना करते हुए कहा कि दोनों ने मिलकर खेती की दशा और दिशा बदलने का कार्य किया है। ऐसे किसान पूरे जिले के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों को जिस भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगीए शासन नियमानुसार हर संभव मदद प्रदान करेगा। उन्होने कहा



कि जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में जैविक एवं प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जाएगी। इस संस्थान में प्रतिमाह कम से कम दो प्रशिक्षण कोर्स संचालित किए जाएंगे जिनके माध्यम से लगभग 60 किसानों को प्राकृतिक खेती का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के अनुभवी प्राकृतिक किसान जो स्वयं इस पद्धति पर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, उन्हें भी विशेषज्ञ के रूप में जोड़ा जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जिस प्रकार युवा किसान नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ा रहे हैं उससे स्पष्ट है कि दमोह में प्राकृतिक खेती का भविष्य उज्ज्वल है।



## चण्डी जी मंदिर चौराहे पर फल-सब्जी ठेलों से बिगड़ी यातायात व्यवस्था, रोज लग रहा जाम

**हटा।** नगर के प्रमुख और व्यस्ततम चौराहों में शामिल चण्डी जी मंदिर चौराहा इन दिनों अव्यवस्थित यातायात और अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। मंदिर क्षेत्र के आसपास फल सब्जी ठेलों की बढ़ती संख्या और सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग के कारण आम नागरिकों को रोजाना जाम और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। चौराहे पर स्थित संतोषी माता मंदिर के समीप प्रतिदिन सड़क किनारे फल की दुकानें लगती हैं। दुकानों के सामने ग्राहक अपने दोपहिया वाहन खड़े कर देते हैं जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और वाहनों की आवाजाही बाधित होती है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब पास की पुलिया पर सब्जी के ठेले लग जाते हैं। नवनिर्मित सीसी रोड के आधे हिस्से पर ठेले खड़े रहने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। चौराहे के पास निर्माण सामग्री पड़ी होने और पुलिया के समीप अधूरा कार्य होने से बड़ा गड्ढा बन गया है। यह गड्ढा जाम के साथ.साथ हादसों का कारण भी बन रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम के समय यहां प्रतिदिन जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से फल सब्जी विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक स्थान चिन्हित करने, अवैध अतिक्रमण हटाने तथा पुलिया के पास बने गड्ढे को तत्काल भरवाने की मांग की है।

## शिविरों से ही समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास हो : कलेक्टर

**जागरण दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है जो 31 मार्च तक जारी रहेगा। अभियान के तहत अब प्राप्त आवेदनों के निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया दूसरे चरण में विकासखंड स्तर पर छोटे-छोटे क्लस्टर बनाकर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन क्लस्टर आधारित शिविरों की शुरुआत 20 फरवरी से होगी। प्रत्येक विकासखंड में एक दिन में अधिकतम सात क्लस्टरों में शिविर लगाए जाएंगे तथा शिविरों के बीच तीन से चार दिन का अंतर रखा गया है, ताकि आमजन तक सूचना प्रभावी रूप से पहुंच सके और अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि प्रथम चरण में जिन नागरिकों ने आवेदन प्रस्तुत किए थे, वे द्वितीय चरण में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपने आवेदनों का निराकरण प्राप्त करें। शिविरों की सूचना सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से दी जा रही है।

कलेक्टर ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में भी वार्डवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 24 फरवरी को विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जो केवल प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु रहेगा। यह विशेष शिविर 24 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक दमोह, पथरिया, तेंदूखेड़ा नगरपालिकाओं में आयोजित होगे।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ऐसे हितग्राही जिनको पहली किस्त मिलने के बाद दूसरी या तीसरी किस्त प्राप्त नहीं हुई है वे संबंधित नगरपालिका में आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हों। शिविर में प्रत्येक हितग्राही की फाइल का सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा जिसमें फोटो सत्यापन, पूर्व जारी किस्तों का विवरण एवं अन्य दस्तावेजों की जांच शामिल रहेगी। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से दमोह नगरपालिका में लंबित प्रकरणों की संख्या अधिक है, इसलिए अधिक से अधिक हितग्राही 24 फरवरी को आयोजित शिविर का लाभ लें।

## झमार पाण्डेय गांव में 3 दिन से बिजली गुल

**जागरण हटा।** हटा तहसील मुख्यालय से लगभग छह किलोमीटर दूर स्थित ग्राम झमार पाण्डेय में पिछले तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं खेतों की सिंचाई भी बाधित होने से किसानों को फसल खराब होने की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों में वर्तमान सरपंच किस्सू आदिवासी सहित प्रभु काछी, दुर्गेश काछी, गुड्डू काछी, लखन, नरेन्द्र, गेंदा रानी एवं राजरानी काछी ने बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना के पूरे गांव की बिजली बंद कर दी गई है। इससे दैनिक कार्यों के साथ पेयजल और कृषि कार्यों पर भी असर पड़ रहा है। सरपंच का कहना है कि विद्युत विभाग की ओर से अब तक बिजली बंद होने की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। इस संबंध में हटा विद्युत विभाग के अधिकारी अजीत पटेल ने बताया कि विभागीय जानकारी के अनुसार झमार ग्राम की विद्युत सप्लाई चालू दर्शाई जा रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी जांच कराई जा रही है।

**जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षक व्यवस्था के दिए निर्देश**

## प्राथमिक शाला कुंआरपुर में कलेक्टर का औचक निरीक्षण, बच्चों से किया संवाद

**जागरण हटा।** हटा ब्लॉक के कुंआरपुर ग्राम स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में गुरुवार सुबह उस समय हलचल मच गई, जब करीब 11 बजे दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर अचानक स्कूल पहुंच गए। कलेक्टर सीधे कक्षा चौथी में पहुंचे और बच्चों के बीच बैठकर आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे, उनकी पढ़ाई की स्थिति जानी और हस्तलिपि परखने के लिए कॉपियों में लेख भी लिखवाया। बच्चों ने भी पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिए जिससे कलेक्टर ने उनकी सराहना की।

कलेक्टर के अचानक पहुंचने की खबर से स्कूल परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई। दरअसल, परीक्षा ड्यूटी में शिक्षकों की तैनाती होने के कारण गुरुवार को विद्यालय शिक्षक विहीन था। इस पर बीडीसी कन्हैयालाल पटेल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि स्कूल



के पदस्थ शिक्षकों को अन्यत्र अटैच कर दिया गया है जिससे नियमित शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कोचर ने तुरंत जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा से मोबाइल पर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शुक्रवार सुबह तक विद्यालय में शिक्षक पदस्थ किए जाएं ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। कलेक्टर ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर और नियमित शिक्षण का अधिकार है। कलेक्टर के इस औचक निरीक्षण से बच्चों में उत्साह देखा गया, वहीं ग्रामीणों और अभिभावकों में उम्मीद जगी कि अब विद्यालय में नियमित शिक्षक व्यवस्था सुनिश्चित होगी। कुंआरपुर की इस प्राथमिक शाला का दौरा प्रशासन की सक्रियता और शिक्षा व्यवस्था के प्रति गंभीरता का संदेश देता है।

### अज्ञात व्यक्ति ने गाली गलौज कर मारपीट की

**बीना जागरण।** बुधवार की शाम एक महिला के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाली गलौज करते हुये पत्थर से मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला उक्त घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी राधा कुशवाहा आयु 30 वर्ष पति रामेश्वर कुशवाहा निवासी सांईधाम कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बुधवार की शाम लगभग 7 :30 बजे अपने घर जा रही थी। रास्ते में रेलवे पटरियों के पास एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब महिला ने गालियां देने से मना किया तो आरोपी ने महिला के साथ पत्थर से मारपीट कर दी। जिससे उसे चोटें आई हैं पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बीना जागरण।** खिमलासा थाना अंतर्गत ग्राम सदरपुर में एक महिला के पास से पुलिस ने पांच लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत धारा 34 (1) का मामला दर्ज कर लिया है। खिमलासा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक महिला कुप्पी में अवैध कच्ची शराब लिये बेचने के लिये खड़ी है। जिस पर पुलिस ने मौका स्थल पर जाकर देखा तो एक महिला हाथ में कुप्पी लिये हुये थी। पुलिस ने जब महिला से उसका नाम पूछा तो महिला ने अपना नाम श्रीमति ज्ञानबाई बंजारा आयु 26 वर्ष पति गोविंद बंजारा बताया। जब पुलिस ने उक्त महिला से पुलिस ने कुप्पी लेते हुये जांच की तो उसमें पांच लीटर कच्ची शराब भरी हुई थी। पुलिस ने महिला से शराब का लायसेंस पूछा तो महिला नहीं बता सकी। पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 34 (1) का मामला दर्ज कर लिया है।

### वृद्ध महिला के साथ पति पत्नी ने की मारपीट

**बीना जागरण।** खिमलासा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बसाहरी टाड़ा में एक 50 वर्षीय वृद्ध महिला फूलाबाई बंजारा आयु 50 वर्ष पति दल्ला बंजारा निवासी बसाहरी टाड़ा ने खिमालासा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उसने मबताया कि मंगलवार की रात लगभग 9 बजे वह अपने घर के पास खड़ी थी। तभी गांव का ही नन्हे बंजारा आया और पुरानी बुराई को लेकर वृद्ध महिला के साथ गाली गलौज करेत हुये मारपीट कर दी। जिससे उसे चोटें आई हैं।

## फ्लाई टेक की पहल से किसानों का आंदोलन हुआ स्थगित, 25 स्थानीय युवाओं को मिला रोजगार

**रोजगार और पर्यावरण सुरक्षा के आश्वासन के बाद बनी सहमति**



**बीना जागरण।** जेपी पावर प्लांट के खिलाफ चल रहा किसानों का आंदोलन बुधवार शाम फिलहाल स्थगित कर दिया गया। ग्राम हिन्नौद सहित आसपास के ग्रामीण 11 फरवरी से फ्लाई ऐश पॉन्ड के सामने धरने पर बैठे थे। किसानों की मुख्य मांग स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता और पर्यावरण सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने की थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फ्लाई टेक कंपनी के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह राठौर ने स्वयं पहल करते हुए आंदोलनरत किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया। कंपनी के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ विस्तृत चर्चा की। वार्ता के दौरान योग्य स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने का भरोसा दिलाया गया। सकारात्मक बातचीत के बाद किसानों ने आपसी सहमति से आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया। कंपनी की पहल के तहत लगभग 15 स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है।

अन्य पात्र उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच और औपचारिक प्रक्रिया जारी है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि नियुक्तियां योग्यता और आवश्यकता के आधार पर पारदर्शी तरीके से की जाएंगी। इस निर्णय से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इसी क्रम में एस्टेक कंपनी ने भी आगे बढ़कर 10 स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया है। दोनों कंपनियों द्वारा कुल 25 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराए जाने को आंदोलन के मूल मुद्दे पर सकारात्मक पहल माना जा रहा है। धरने के दौरान ग्रामीणों ने फ्लाई ऐश पॉन्ड से उड़ने वाली धूल और उससे होने वाली संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को प्रमुख चिंता बताया था। इस पर कंपनी प्रबंधन ने फ्लाई ऐश पॉन्ड के चारों ओर सुरक्षा नेट लगाने, नियमित पानी का छिड़काव करने और समय-समय पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है, ताकि आसपास के गांवों में किसी प्रकार की असुविधा न हो। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन पूरी तरह समाप्त नहीं किया गया है, बल्कि आपसी सहमति और कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने तक स्थगित रखा गया है। शनिवार को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। यदि आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई नहीं होती है तो आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। फिलहाल आंदोलन स्थगित होने से क्षेत्र में शांति का माहौल है। फ्लाई टेक कंपनी की सक्रिय मध्यस्थता को उद्योग और किसानों के बीच सकारात्मक संवाद की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि कंपनियां अपने वादों को किस तरह जमीन पर उतारती हैं।

## कन्या महाविद्यालय में शिविर का शुभारंभ एकता की शपथ व सामूहिक योगाभ्यास



**बीना जागरण।** शासकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा कार्यक्रम प्रभारी मृणालिनी मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिन गुरुवार को स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिन की शुरुआत एनएसएस गीत, राष्ट्रीय एकता की शपथ और सामूहिक योगाभ्यास से हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गाँव में प्रभात फेरी निकाली और जन-जागरूकता गीत गाते हुए घर-घर जाकर ग्रामीणों को शुक्रवार को होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की जानकारी दी। प्रभात फेरी के पश्चात बौद्धिक चर्चा सत्र आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि शासकीय विधि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूर्वाग्रहों को तोड़कर ऐसा इंसान बनाना है, जिसकी समाज को जरूरत है एक अच्छा विद्यार्थी ही हमेशा एक अच्छा शिक्षक बनाता है। वहीं विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक प्रगति सिंह ने विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण को एनएसएस शिविर का मुख्य उद्देश्य बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रश्मि जैन ने खो-खो खेल का उदाहरण देते हुए समझाया कि जीवन में किताबी शिक्षा से कहीं अधिक व्यावहारिक ज्ञान का महत्व है। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिविर सहयोगी डॉ.निशी भदौरिया का विशेष मार्गदर्शन रहा। व्यवस्थाओं को सँभालने में विनोद, विकास और पूजा की सक्रिय भूमिका रही।

## आरएएफ का फ्लैग मार्च, मुख्य मार्गों पर दिखी सुरक्षा



**बीना जागरण।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स की डी/107 बटालियन द्वारा बीना नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। 47 सदस्यीय दल ने पुलिस थाना परिसर से मार्च प्रारंभ कर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सर्वोदय चौराहा, कॉलेज तिराहा, गांधी तिराहा तथा कच्चा रोड तक भ्रमण किया। कमाण्डेंट जगदीश प्रसाद बलाई के निर्देशन तथा उप कमाण्डेंट दीपक कुमार रैगर एवं सहायक कमाण्डेंट राजपाल चौधरी के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना रहा। मार्च के दौरान टीम ने विभिन्न संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया और स्थानीय परिस्थितियों की जानकारी एकत्रित की। साथ ही पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर भविष्य में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई। फ्लैग मार्च के दौरान नगरवासियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भरोसा देखने को मिला। आरएएफ अधिकारियों ने बताया कि परिचय अभ्यास के तहत क्षेत्र की भौगोलिक व सामाजिक जानकारी संकलित की जा रही है ।

## बूंदाबांदी से बदला मौसम : पक चुकी फसलों पर मंडराया संकट

**बीना जागरण।** फरवरी माह में जहां आमतौर पर गर्मी की शुरुआत हो जाती है, वहीं इस बार तीसरे सप्ताह में मौसम ने अचानक करवट ले ली। गुरुवार सुबह क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हुई और आसमान में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक बादल छाए रहने और हल्की वर्षा के आसार बने हुए हैं। मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान करीब तीन डिग्री गिरकर 26 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। ठंडी हवाओं के कारण सुबह-शाम ठंडक महसूस की जा रही है। इधर, मौसम के इस परिवर्तन ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में रबी फसलों की कटाई का कार्य शुरू हो चुका है। कई स्थानों पर बटरा और मसूर की फसल पककर टूटने लगी है। किसानों का कहना है कि इस समय यदि वर्षा होती है तो खेतों में पड़ी फसलें खराब हो सकती हैं। वहीं गेहूं और चना की फसल को तेज हवाओं से आड़े होने और फलियां झड़ने का खतरा बना हुआ है। बीना सहित आसपास के क्षेत्रों और खुरई में सुबह से बादल छाए रहे, जिसके बाद हल्की वर्षा दर्ज की गई। अब तक अनुकूल मौसम से अच्छी उपज की उम्मीद कर रहे किसानों के लिए मौसम का यह बदलाव चिंता का कारण बन गया है।

## एसडीएम की पहल से किसानों को मिला 10 फीट का रास्ता



**बीना जागरण।** हडकुल खाती गांव में खेतों तक पहुंचने को लेकर किसानों और रिफाइनरी प्रबंधन के बीच चल रहा विवाद प्रशासनिक पहल के बाद सुलझ गया है। एसडीएम विजय डेहरिया ने मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्या सुनी और सरकारी भूमि से 10 फीट चौड़ा रास्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे अब किसान आसानी से अपने खेतों तक आ-जा सकेंगे। जानकारी के अनुसार गांव के पास स्थित शासकीय भूमि बीपीसीएल को आवंटित की गई है। रिफाइनरी द्वारा उक्त भूमि पर तार फेंसिंग कराई जा रही थी, जिसका किसानों ने विरोध किया। किसानों का कहना था कि वे इसी मार्ग से अपने खेतों तक पहुंचते रहे हैं और फेंसिंग से रास्ता बंद हो रहा है। बुधवार को एसडीएम ने रिफाइनरी अधिकारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में स्थल का निरीक्षण किया। चर्चा के बाद खसरा नंबर 413 की शासकीय भूमि से 10 फीट चौड़ा मार्ग देने का निर्णय लिया गया। यह जमीन बीपीसीएल के नाम ही रहेगी, लेकिन किसानों के आवागमन के लिए रास्ता खुला रहेगा। इस संबंध में पंचनामा भी तैयार किया गया है। एसडीएम विजय डेहरिया ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं किसानों ने प्रशासन के निर्णय पर संतोष जताया और आंदोलन समाप्त करने की बात कही।

## कुत्तों के हमले में घायल मोर का रेस्क्यू

**बीना जागरण।** ग्राम बसाहरी में गुरुवार को कुत्तों के हमले में राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल हो गया। बस्ती में विचरण करते समय ग्रामीणों की नजर जब घायल मोर पर पड़ी तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद मोर का सफल रेस्क्यू किया। टीम ने बड़ी टोकनी और बोरी की मदद से सावधानीपूर्वक मोर को काबू में किया। घायल होने के कारण मोर बार-बार उड़ने और भागने का प्रयास कर रहा था, जिससे रेस्क्यू अभियान में कठिनाई आई। हालांकि टीम ने संयम के साथ उसे सुरक्षित पकड़ लिया। ग्राम के उपसरपंच सुनील तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों ने एक मोर को घायल अवस्था में देखा था, जिसके बाद तुरंत वन विभाग को सूचित किया गया। प्राथमिक जांच में मोर के पैर में चोट पाई गई है। फिलहाल उसे बीना स्थित वन विभाग डिपो में सुरक्षित रखा गया है और शुक्रवार को चिकित्सक से उसका उपचार कराया जाएगा। वन विभाग के अनुसार उपचार पूर्ण होने के बाद मोर को उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा। ग्राम बसाहरी और आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में मोर पाए जाते हैं।

## ट्रैक्टर एवं कार की भिड़ंत : पांच घायल

**बीना जागरण।** भानगढ़ थाना अंतर्गत एक कार एवं ट्रेक्टर में भिडंत हो गई। जिसमें सवार पांच लोग घायल हो गये। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कार क्रमांक एमपी 15 जेडबी 2210 सागर से मुंगावली जा रही थी जिसमें महिला सहित पांच लोग सवार थे। तभी सामने से आ रहे एक ट्रेक्टर के चालक ने अचानक उमरिया तिराहे पर अचानक ट्रेक्टर गांव की ओर मोड़ दिया। जिससे कार अनियंत्रित हो गई और ट्रेक्टर से जाकर टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने का हिस्सा गिर टूट गया। कार में सवार पांचो लोग घायल हो गये। घायलों में महिला की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। भानगढ़ थाना प्रभारी हरिसिंह तोमर ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

## न्यूज कार्नर

### 15 दिन में न्यायालय द्वारा 81 से अधिक प्रकरणों में आरोपियों को सजा

**छतरपुर ।** पुलिस के निरंतर अनुसंधान एवं प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय द्वारा माह फरवरी वर्ष 2026 के प्रारंभिक 15 दिनों में जिले के विभिन्न थानों के 81 प्रकरणों में तथा वर्ष 2026 में अभी तक कुल 216 से अधिक प्रकरणों में आरोपियों को सजा सुनाई गई। थाना जुझारनगर (वर्ष 2019) चिन्हित अपहरण, बंधक एवं अवैध हथियार के प्रकरण में आरोपी देवेंद्र सिंह एवं प्रमोद सिंह को आजीवन सश्रम कारावास एवं अर्थ दंड से दंडित किया गया। थाना बक्सवाहा (वर्ष 2018) के एससी एसटी एक्ट के प्रकरण में आरोपी नंदराम पटेल को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना महाराजपुर (वर्ष 2025) छेड़छाड़ प्रकरण में आरोपी ठाकुरदीन साहू को 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना राजनगर (वर्ष 2025) के धार्मिक भावना को ठेस एवं अपवाह संबंधी प्रकरण में आरोपी कैलाश अहिरवार को 1 वर्ष, थाना सिविल लाइन (वर्ष 2018) मारपीट के प्रकरण के आरोपी मुकेश सेन को 1 वर्ष, थाना बड़ामलहरा (वर्ष 2018) वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के शिकार संबंधी प्रकरण के आरोपी पहलवान यादव एवं अन्य को एक-एक वर्ष, थाना लवकुश नगर(2019) हत्या के प्रयास प्रकरण के आरोपी अजीज बेग एवं अन्य को एक-एक वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थ दंड से दंडित किया गया। प्रकरणों में पुलिस द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर समय से न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। फॉरेंसिक साइंस टीम द्वारा एकत्रित साक्ष्य भी समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। साथ ही, साक्षियों के कथन सुरक्षा पूर्वक न्यायालय में पेश कर विधिक प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। छतरपुर पुलिस की सशक्त विवेचना, वैज्ञानिक जांच एवं जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार एवं अभियोजन टीम की पैरवी का परिणाम है। छतरपुर पुलिस अपराधियों के विरुद्ध कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई जारी रखेगी।

# पार्षद सुषमा संजय नायक ने दिया इस्तीफा

## सीएमओ ने इस्तीफा नामंजूर कर मुद्दे का किया समाधान

**टीकमगढ़। जनता के स्नेह, विश्वास और जनता के बीच बनी साख को कायम रखने के फलस्वरूप विगत 22 वर्षो से नगर पालिका पार्षद पद के चुनावो में अजेय प्रत्याशी के रूप में खुद को स्थापित करने बाले पूर्व पार्षद एबं वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि संजय नायक की उक्त उपलब्धि का राज तब सामने आया ज़ब इनकी पार्षद पत्नी सुषमा संजय नायक ने अपनी चिर परिचित जनसेवक रूपी साख पर बात आने पर सिर्फ इसलिये वार्ड 20 से पार्षद पद और नगर पालिका उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया क्योंकि सुषमा संजय नायक के पार्षद चुनावी वार्ड 20 में बिगत 3 बर्षो से नगर पालिका द्वारा सफाईकर्मियों की कमी बताते हुए सफाई नहीं की जा रही थी। और वार्ड 20 में सफाई करने के लिये मात्र एक सफाईकर्मी नियुक्त किया गया है, जो कि संपूर्ण वार्ड की सफाई कार्य के लिये पर्याप्त साबित नहीं हो रहा था।**



उक्त इस्तीफा होने के बाद नगर पालिका प्रशासन समेत जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। साथ ही नगर में चर्चा का मुख्य बिषय बन गया। जिसके बाद हरकत में आये नगर पालिका प्रशासन द्वारा आनन फानन में डैमेज कंट्रोल किया गया। नगर पालिका क्षेत्र के वार्डो में ध्वस्त सफाई व्यवस्था को लेकर लंबे समय से चल रहे धमासान के बीच गुरुबार का दिन एक वबंडर लेके आया। पार्षद रूप में अपने वार्डवासियो की समस्याओ को शीघ्र हल करने के रूप में बिगत 22 वर्षो से नियमित छवि बना चुकी वार्ड क्रमांक 20 से पार्षद सुषमा संजय नायक ने अपने पार्षद पद और नगर पालिका उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्षद व नपा उपाध्यक्ष सुषमा नायक के पति कांग्रेस महासचिव संजय नायक उक्त इस्तीफा लेकर नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया के समक्ष पहुंचे और पार्षद व नपा उपाध्यक्ष सुषमा नायक द्वारा अपने लेटरपेड पर लिखा गया इस्तीफा सीएमओ भदौरिया को सौंप दिया। जिसमें पार्षद व नपा उपाध्यक्ष नायक ने स्वयं को जिम्मेदार ठहराते हुए लिखा कि मैं बिगत 3 वर्षो से अपने वार्ड क्रमांक 20 में नियमित सफाई कराने में असमर्थ रही हू इसलिये मैं अपने पार्षद व नपा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देती हू। उक्त पत्र में पार्षद व नपा उपाध्यक्ष नायक ने नगर पालिका की बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था पर अप्रत्यक्ष रूप से करारा तमाचा जड़ा है। वर्तमान में कांग्रेस महासचिव पद का दायित्व निभा रहे संजय नायक ने अपना पहला चुनाव वर्ष 2004 में वार्ड क्रमांक 22 से पार्षद पद पर लड़ा था और जीता भी था। इस दौरान वार्डवासियो की समस्याओ को प्राथमिकता से हल करते हुए पार्षद संजय नायक की जनसेवक रूप में ऐसी छवि बनी कि वर्ष 2014 में वार्ड बदलकर वार्ड क्रमांक 18 से संजय नायक ने अपनी पत्नी सुषमा संजय नायक को पार्षद का चुनाव लड़ाया और एकतरफा जीत हासिल की। इसके बाद भी इनका वार्ड में जनसेवा का कार्य जारी रहा। जिसके परिणामस्वरूप ज़ब संजय की पत्नी सुषमा नायक को एक ऐसे बार्ड क्रमांक 20 से टिकिट दिया गया। जो इनके लिये बिलकुल अलग व अनजाना कार्यक्षेत्र था। लेकिन जनसेवा की मजबूत छवि की बजह से सुषमा संजय नायक ने वार्ड क्रमांक 20 से भी आसान जीत हासिल की। ज़ब संजय नायक ने अपनी पत्नी सुषमा नायक का इस्तीफा नपा सीएमओ भदौरिया को सौंपा तो उन्होंने यह इस्तीफा मंजूर करने से मना करते हुए कहा कि आपका इस्तीफा मैं मंजूर नहीं कर सकता। इसके बाद ज़ब शहर में और प्रशासन में उक्त इस्तीफा को लेकर हड़कंप मचा तो नपा सीएमओ भदौरिया स्वयं संजय नायक के निजी कार्यालय पहुंचे और उनसे इस्तीफा देने की मुख्य बजह पूँछी। और वार्ड क्रमांक 20 में सफाई व्यवस्था न होने की बजह जानकार तत्काल मौके पर ही लिखित आदेश करते हुए उक्त वार्ड में एक के बजाय 5 सफाई कर्मियों को नियुक्त कर दिया। साथ ही इस्तीफा भी नामंजूर कर दिया। जिसके बाद उक्त मामले का पटाक्षेप हो गया।

ज़ब उक्त मुद्दे पर नपा सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया से बात की गई तो उन्होंने संजय नायक की तारीफ कर बजह बताते हुए कहा कि पार्षद व नपा उपाध्यक्ष सुषमा व संजय नायक एक सुलझे हुए जनप्रतिनिधि है। एबं उनकी मांग भी जायज थी। क्योंकि नगर पालिका में कुल 275 सफाईकर्मी है और नगरीय क्षेत्र में कुल 27 वार्ड है। इस लिहाज से सुषमा संजय नायक के बड़े वार्ड क्रमांक 20 को नियमानुसार कम से कम 10 सफाईकर्मी मिलने चाहिए। लेकिन उन्हें सिर्फ एक सफाईकर्मी मिला हुआ था। जो मुझसे पहले का आदेश था। जिसको बदलते हुए हमने 5 सफाईकर्मी नियुक्त करने का आदेश किया है। साथ ही उन्होंने आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी टेंडर निकालने की मांग की थी। लेकिन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा 19 जनवरी से आउटसोर्स टेंडर पर रोक लगाई गई है। उक्त बात ज़ब संजय नायक के सामने रखी गई तब बो संतुष्ट हुए। और उन्हें 5 सफाईकर्मी दिए गये।

# डस्टबिन रखने के बाद भी गंदगी फैलाने वालों के नपा. ने काटे चालान



**पलेरा। स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर उतारने के लिए नगर परिषद पलेरा ने सख्त रुख अपना लिया है। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा और मुख्य नगरपालिका अधिकारी शिवी उपाध्याय के मार्गदर्शन में नगर को स्वच्छ बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी कड़ी में दुकानदारों को डस्टबिन बांटने के बाद अब नियम तोड़ने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि परिषद द्वारा वितरित डस्टबिन का उपयोग करें। उन्होंने कहा, 'नगर को स्वच्छ रखना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हम पलेरा को स्वच्छता में नंबर-1 बनाना चाहते हैं, जिसके लिए सबका सहयोग अनिवार्य है। सीएमओ शिवी उपाध्याय के निर्देशन में परिषद की टीम ने बाजारों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिन दुकानदारों और पथ विक्रेताओं ने डस्टबिन होने के बावजूद कचरा सड़क पर फेंका था, उनके खिलाफ स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई। टीम ने स्पष्ट किया कि समझाइश का दौर अब समाप्त हो चुका है, अब केवल कार्रवाई होगी। कार्रवाई के दौरान कई व्यापारियों को अंतिम चेतावनी दी गई कि वे अपनी दुकान के आसपास 10 फीट के दायरे में सफाई सुनिश्चित करें। यदि आगामी निरीक्षण में फिर से गंदगी पाई गई, तो चालान की राशि बढ़ा दी जाएगी। इस मुहिम से शहर के व्यापारियों और आम जनता में स्वच्छता को लेकर जागरूकता देखी जा रही है।

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर । थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत सटई रोड में पीड़ितों पर हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता की हत्या के प्रयास सहित समुचित धाराओं में अपराध दर्ज किया गया था।**



घटना के पश्चात पुलिस टीम द्वारा घटना में सम्मिलित दो आरोपी राज बहादुर उर्फ चिटू यादव (चोरी, छेड़छाड़, एनडीपीएस, अवैध हथियार जैसे 17 अपराधों में लिप्त) को सवा किलो से अधिक गांजा सहित एवं महेश यादव को गिरफ्तार किया गया था। घटना में सम्मिलित अन्य आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा घटना में सम्मिलित तीसरे आरोपी, योगेंद्र उर्फ योगेश यादव पिता राजकुमार यादव निवासी चौबे कॉलोनी छतरपुर को गिरफ्तार किया गया, विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, सहायक उप निरीक्षक सीताराम आरक्षक हरि शरण यादव एवं टीम की भूमिका रही।

# आधी रात गुंडों का उत्पात, दुकान के बाहर बनी सीढ़ी तोड़ी

**नौगांव।** नगर के तहसील चौराहे पर स्थित एक दुकान के बाहर आधी रात उस समय हड़कंप मच गया, जब करीब एक दर्जन युवकों ने मिलकर दुकान के बाहर लगी लोहे की जीना (सीढ़ी) को तोड़ दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के चलते कुछ युवक देर रात मौके पर पहुंचे और देखते ही देखते जीना को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 को कॉल किया गया, लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी युवक वहां से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस नहीं पहुंचती तो मामला बड़ा रूप ले सकता था और गंभीर विवाद की स्थिति बन जाती। वहीं पीड़ित पक्ष ने थाने में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### मराठा और महाराष्ट्रीयन समाज ने वीर शिवाजी की जयंती मनाई

**जागरण, गंजबासौदा।** वीर शिवाजी की जयंती पर मराठा एवं महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा मील रोड हितकारिणी धर्मशाला के पास दिनेश शर्मा के बाड़े में शिवाजी जयंती मनाई। जिसमें एड निशांत देव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज शिवाजी राजे भोसले के नाम से भी जाने जाते है। भारत के एक महान योद्धा रणनीतिकार और कुशल शासक थे उनका जन्म 19 फरवरी 1630 में शिवनेरी के दुर्ग में हुआ था। उनके पिता बीजापुर के दरबार में एक उच्च अधिकारी थे। इतिहासकार अटक को मराठा साम्राज्य का अंतिम मोर्चा मानते थे। उन्होंने पेशावर पर हमला किया और भारत सम्राट छत्रपति शिवाजी ने मुगल शासक को समाप्त करने के लिए सदाशिव राव को दिल्ली भेजा। उनका एकमात्र लक्ष्य भारत को एक स्वतंत्र हिंदू राज्य स्थापित करना था। और उन्होंने इसे हासिल भी किया जो लगभग 200 वर्षों तक अस्तित्व में रहा। ऐसे वीर योद्धा की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग भी मराठा और महाराष्ट्रीयन समाज ने आयोजन में रखी। निशांत देव ने शिवाजी के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में शामिल करे। इस दौरान वीर शिवाजी के जीवन पर प्रकाश डाला सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप देसाई, पूर्व पार्षद रुपेंद्र शर्मा, निशांत देव ने पूरा जीवन परिचय दिया। इस मौके पर भाटे गुरु, संजय देव, विपिन देव, विनोद मराठा, विवेक अधिकारी, अनुराग ठाकुर, तनिष्क दुबे, वंश रघुवंशी, विशाल राजपूत आदि रहे। संचालन साधू मराठा ने किया।

**पशुपालकों से रिश्वत मांगने का मामला**

# मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना में अनियमितता मामले की जिला कलेक्टर ने शुरू की जांच

**जागरण, गंजबासौदा।**

मध्य प्रदेश शासन में पशुपालन-डेयरी विभाग मंत्री एवं विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल के क्षेत्र में पशुपालकों से शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए खुलेआम पशु चिकित्सक द्वारा पैसों की मांग की जा रही है यह दावा किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना का लाभ दिलाने के और फार्म सही समय पर सबमिट करने के लिए इस तरह की राशि की अनुचित तरीके से मांग की जा रही है। पूरा मामला अब जिला कलेक्टर के संज्ञान में है और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे प्रकरण में बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है शहर के बरेठ रोड स्थित पशु चिकित्सालय मेंमुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के फॉर्म के नाम पर वेटनरी प्रभारी द्वारा पशुपालकों से रिश्वत मांगी जा रही है इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहू प्रसारित हो रहा है, हालांकि अभी तक विभाग स्तर पर इसमें कोई भी बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है यह वायरल वीडियो एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है जिसमें पशुपालक मुख्यमंत्री से डेयरी प्लस योजना अंतर्गत आवेदन जमा करने के साथ 1 हजार सेवा के तौर पर देने की




मांग की जा रही है, जो पशुपालकों को ठीक नहीं लगी और उन्होंने इसका एक वीडियो बनाकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता को भी भेजा है इस पूरे मामले में अब जिला स्तरीय जांच की जाएगी। इसके बाद ही आगामी कार्रवाई होना निश्चित माना जा रहा है। इन दोनों शासकीय पशु चिकित्सालय में व्याप्त अवस्थाओं और बैनैटरी डॉक्टर के इस तरह के रवैया से लगातार अवस्थाएं बनी हुई है जिससे पशुपालक तो परेशान हो ही रहे हैं साथ ही उनके साथ स्टाफ भी उनके इस रवैये से परेशान है। पशु चिकित्सालय में पदस्थ एक सहयोगी स्टाफ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जब से वर्तमान प्रभारी अस्पताल में है पशुपालकों से इसी तरह पैसों की वसूली की जा रही है बीते दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रवास कार्यक्रम में भी हुए खर्च का भुगतान पशुपालकों से ही इसी तरह मांगा गया है। स्टाफ द्वारा इस विषय पर जब कोई अपने प्रतिक्रिया दी जाती है तो उन्हें चुप कर दिया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों आए पशु विभाग के उपसंचालक स्तर के अधिकारी की सेवाएं और खाना आदि का बंदोबस्त भी एक पशुपालक के फार्म हाउस पर ही मुहैया कराई गई थी जिसका पूरा खर्च उक्त पशुपालक को उठाना पड़ा था।

### क्या है मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना

मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण योजना है, जो छोटे और सीमांत पशुपालकों को आय बढ़ाने के लिए उच्च नस्ल की 2 दुधारू मुर्राह भैंस (प्रतिदिन 8-10 लीटर दूध देने वाली) खरीदने के लिए 50त्न से 75त्न तक की सब्सिडी प्रदान करती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दूध उत्पादन को बढ़ावा देना और ग्रामीण महिलाओं/पशुपालकों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों की आय में वृद्धि और दूध उत्पादन को बढ़ावा देना है। इस मामले में जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि पूरे प्रकरण की टीम बनाकर जांच की जा रही है इसके बाद ही हम आगामी कार्रवाई करेंगे।

### इनका कहना है...

मुझे इस वीडियो की जानकारी नहीं है कुछ समय पहले ही जानकारी प्राप्त हुई है वीडियो मेरे कार्यालय का है लेकिन ऐसी मेरी कभी किसी से बात नहीं हुई7

**० डॉ. रवि शंकर उपाध्याय**
**प्रभारी पशु चिकित्सालय गंजबासौदा**

# नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में त्योंदा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, गंजबासौदा।**

महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए विदिशा जिले के थाना त्योंदा पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और छेड़छाड़ के गंभीर मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। घटना के अनुसार, 18 फरवरी को थाना त्योंदा क्षेत्र के एक गांव की निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव का ही एक व्यक्ति नन्नू अहिरवार ने गलत तरीके से पकड़ लिया और खंडहर की ओर ले गया। हालांकि, ग्रामीणों की आहट पाकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध किया और मामले की तफ्तीश शुरू की।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के नेतृत्व में थाना त्योंदा पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने, ग्रामीणों से पूछताछ करने, और आरोपी के रहन-सहन और गतिविधियों का विश्लेषण करने के बाद 50 किलोमीटर दायरे में 40 गांवों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस ऑपरेशन में 220 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी का पता चला।

पुलिस टीम की कड़ी मेहनत और दिन-रात की छानबीन के बाद, 19 फरवरी 2026 को आरोपी नन्नू अहिरवार (65) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ग्राम करारी का निवासी है और उस पर नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप है।

विशेष भूमिका में थाने के अधिकारियों और जवानों का नाम लिया गया है, जिनमें उ.नि. गौरव रघुवंशी, सउनि रघुवीर सिंह राय, प्र.आर. रविंद्र सिंह तोमर, आरक्षक अखिलेश, आरक्षक शिवम सिंह तोमर, आरक्षक सतेन्द्र सिंह दांगी और महिला आरक्षक खुशबू यादव शामिल हैं। उनकी कड़ी मेहनत और संजीदगी की वजह से यह मामला इतनी जल्दी सुलझाया जा सका। विदिशा पुलिस ने महिला और बाल सुरक्षा के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई है और इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई जारी रखने का संकल्प लिया है।

# चित्रकूट में श्री सीताराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, भरत चरित्र की कथा और श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ

**जागरण, गंजबासौदा।**

भगवान कामतानाथ की गोद में और भगवान श्री सीताराम की तपोस्थली चित्रकूटधाम में नौ दिवसीय श्री सीताराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत भरत जी के चरित्र की कथा एवं श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा के प्रारंभ में नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज एवं कथा के मुख्य यजमान नगेंद्र उपाध्याय ममता उपाध्याय ने विधिवत पूजन संपन्न कराया। रामघाट पर मंदाकिनी जल भरकर चित्रकूटाधिपति महाराजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ महादेव के सान्निध्य में वैदिक पूजन कर महादेव को जल अर्पित कर रामघाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और जयघोष के साथ रामघाट से मुख्य मार्गों से गुजरती हुई आयोजन स्थल सनकादिक तपोवन आश्रम पहुंची।



नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री के आचार्यात्व में विधि-विधान से अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। भरत चरित्र की यह कथा 19 फरवरी से प्रारंभ हुई है जो की 28 फरवरी तक आयोजित होगी। नौ दिनों तक चलने वाली कथा में प्रतिदिन भरत चरित्र सहित रामकथा के विविध प्रसंगों का भी रसपान कराया जाएगा। पंचकुंडीय श्रीराम महायज्ञ के यज्ञकर्ता परम पूज्य श्रीमहंत दामोदर दास जी महाराज (स्वयंपाकी जी महाराज) हैं। कथा के दौरान श्रीधाम अयोध्या जी से पधारे ब्रज मोहनदास जी महाराज (श्रीमहंत, खाकचौक) एवं सनकादिक तपोवन के महंत ब्रह्मचारी जी महाराज (चित्रकूट धाम) की गरिमामयी उपस्थिति में यज्ञ अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। श्री सीताराम मंदिर के व्यवस्थापक चरणसेवक बलराम दास जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजन की व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं। चित्रकूट में गूंजा भरत का त्याग, कथा व्यास राम मनोहर दास जी बोले, त्याग की जीवंत पाठशाला है चित्रकूट नौ दिवसीय श्री सीताराम प्रतिष्ठा महोत्सव की प्रारंभिक कथा में भरत चरित्र का भावपूर्ण प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास नगर के नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि चित्रकूट केवल तीर्थ नहीं, बल्कि त्याग की वह धरती है जहां राजसिंहासन ठुकराकर भरत ने राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर बैठाया। यह त्याग आज के युग को सिखाता है कि सत्ता नहीं, सेवा बड़ा धर्म है। श्रीमहंत जी ने कहा कि चित्रकूट वह भूमि है, जहां भगवान राम के चरण पड़े और जहां भरत की भक्ति मर्यादा बनकर इतिहास में अमर हुई। उन्होंने कहा कि भरत का त्याग, राम की मर्यादा और लक्ष्मण का सेवा भाव यह त्रिवेणी चित्रकूट की आत्मा है। श्री महंतजी ने कहा कि भरत का चित्रकूट आना केवल भ्रातृ मिलन नहीं, बल्कि अहंकार का विसर्जन और कर्तव्य का आलिंगन था। जब भरत राम के चरणों में दंडवत पड़े, तब यह धरती गवाह बनी कि सच्ची भक्ति पद, प्रतिष्ठा और अधिकार त्यागकर चरणों में शरण लेने का नाम है। श्रीमहंत जी ने कहा कि भगवान राम की मर्यादा आज भी परिवार, समाज और शासन, तीनों के लिए आदर्श है। पिता की आज्ञा का पालन, भ्रातृ प्रेम और प्रजा के प्रति करुणा रामचरित्र की यही मर्यादा भारत की आत्मा है। महाराजश्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि भरत के त्याग को जीवन में उतारें घर, समाज और कार्यक्षेत्र में अधिकार से पहले दायित्व को अपनाएं। चित्रकूट की पावन भूमि पर राम-भरत के आदर्शों को स्मरण कर जीवन को संयम, सेवा और समर्पण की राह पर मोड़ें।

# काला पठार के स्कूल में प्राइमरी के बच्चों का विदाई समारोह संपन्न

**जागरण, गंजबासौदा।**

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के कक्षा 05 के छात्र छात्राओ का विदाई समारोह रखा गया। इस दौरान छात्रों ने आपसी में रूपये एकत्रित कर राधे कृष्ण की इलेक्ट्रोनिक तस्वीर शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी कहा कि मेने तुम्हे अपने परिवार का सदस्य मानकर शिक्षा संस्कार देने मे कोई कसर नही छोडी आप सबने भी हमे गुरू, अविभावक समझकर हमारी दी गयी शिक्षा को माना आप जैसे कम ही शालाओ मे छात्र होंगे। आप जिस शाला भी जाएं हमेशा हमारी दी गई। शिक्षा, सीख का पालन करते हुए आगे बडे तुम हमे हमेशा याद आओगे छात्रा देविका गुप्ता ने कहा कि आप हमे पढाते है आप हमे समझाते है हम बच्चो का जीबन आप ही सफल बनाते हो वही कुमारी मोहनी अहिरवार ने कहा कि आप सिर्फ हमे पडाते नही बल्कि हमारे सपनो को पंख बना देते हो आप दुनिया के सबसे अच्छे शिक्षक हो। कंचन अहिरवार, आरती अहिरवार ने कहा अगर ऐसे शिक्षक और शालाए हो तो छात्रो को आगे बढने से कोई नही रोक सकता परिवार के मुखिया की तरह हमेशा हम सब के भविष्य की चिंता की।

कार्यक्रम के सीएसी प्रकाश दीक्षित, माधवी भाटिया, तृप्ति तिवारी ने कहा कि जिले मे कालापठार जैसी शाला नही है। कार्यक्रम के अंत मे सभी छात्रो को ग्रुप फोटो भैट किए जिससे उन्हे शिक्षक और शाला हमेशा याद रहे अंत मे सभी छात्रो को पार्टी दी गई।

## आरएसएस का बाल अभ्यास संचलन निकला

**जागरण गुलाबगंज।** नगर का अभ्यास पथ संचलन छत्रपति शिवाजी महाराज एवं संघ द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिव गोलवलकर गुरुजी की जयंती के उपलक्ष्य में निकाला गया। जिसमें बाल स्वयंसेवक गीत गाते हुए नगर में निकले रास्ते में उनका स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। कार्यक्रम के अन्त में जिला प्रचारक दीपक सेन ने भारत का इतिहास बताया और बच्चों को शिवाजी महाराज जैसे पराक्रमी बनने की प्रेरणा दी।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 20 फरवरी 2026 शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर www.dainikjagranmpcg.com


## मंडी में 6 हजार 520 क्विंटल अनाज की आवक

**जागरण विदिशा।** गुरुवार को अनाज मंडी 6 हजार 520 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 3 हजार 883 क्विंटल धान की आवक रहा। जो कि 1772 रुपए से लेकर 4399 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 4250 से 5405 रुपए क्विंटल रहे। वहीं मसूर 3500 से 6202 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 3930 से 5305 रुपए क्विंटल के भाव वहीं गेंहू 2180 से 3000 के भाव रहा और करीब 224 किसानों ने अपने अनाज का बिक्रय किया।

### गारंटी की सड़क है, अभी भुगतान भी नहीं हुआ और पाइप लाइन डालने सड़क को खोदने की थी तैयारी

# जब एक माह पहले बनी सड़क को खोदने आई जेसीबी तो ठेकेदार ने रुकवा दिया खुदाई का काम





जागरण विदिशा

शहर में विकास कार्य किस बेतरतीब तरीके से हो रहे है इसका बड़ा उदाहरण है यहां शहर में रविशंकर प्रतिमा के पास एक माह पूर्व बनी डामरीकृत सड़क। इस सड़क बनने से लोगों को काफी राहत मिली थी, लेकिन दोपहर में यहां एक जेसीबी इस सड़क को खोदने के लिए पहुंच गई। जब ठेकेदार को पता लगा तो वह तत्काल मौके पर पहुंचे और काम रुकवाया। उनका कहना है कि गारंटी की सड़क है और अभी तो भुगतान भी नहीं हुआ है। उन्होंने उनकी बनाई हुई सड़क को छोड़कर साइड में पेबर ब्लाक वाले स्थान में खुदाई करने का सुझाव दिया और कार्य रुकवा दिया है।

### वर्षों से बिना प्लानिंग काम हो रहे, पैसों की बर्बादी और राहत भी दूर

शहर में वर्षों से यह स्थिति बनी हुई है। पूर्व परिषदों की तरह इस परिषद में भी बिना प्लानिंग के काम होने से पैसों की बर्बादी अधिक जबकि राहत कम ही मिल पा रही है। पूर्व परिषदों के भी कार्य देखें तो शहर में दुर्गावती उद्यान के समीप एवं बेतवा किनारे करीब 50 लाख से अधिक लागत से चौपाटी का निर्माण कार्य कराया गया था, लेकिन यह चौपाटी वर्षों बाद भी शुरू न होकर बर्बादी की कगार पर पहुंच गई। इसी तरह इस परिषद के बाद पिछली परिषद में आवासहीनों को भवन उपलब्ध कराने के लिए 72 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट बनाया इस प्रोजेक्ट को करीब 8 वर्ष बीत गए यह अब तक पूरा नहीं हो पाया। इस प्रोजेक्ट के तहत 600 से अधिक हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन सिर्फ 84 आवासहीनों को ही आवास उपलब्ध कराए जा सके और 72 करोड़ का यह प्रोजेक्ट 8 वर्ष बाद भी अधूरा है और आवासहीनों को आवास मिलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इस तरह के अनेक कार्य हैं जिन पर राशि खर्च हुई पर लोगों को लाभ नहीं मिल पाया।

मालूम हो कि शहर में वर्षों से सड़कें खराब है। कुछ बन चुकी तो कुछ बनना शेष है, लेकिन जो कुछ समय पूर्व बन चुकी वह भी अब सुरक्षित नहीं रही है। पहले सड़कों के निर्माण पर लाखों रुपए खर्च किए गए और अब पाइप लाइन डालने के नाम पर इन सड़कों की खुदाई शुरू हो जाने से लोगों की आफत बढ़ गई है और नगरपालिका के इस तरह के होने वाले विकास कार्य मजाक बने हुए हैं। इस तरह का यह पहला कार्य नहीं है। इससे पूर्व भी कई सड़कें को निर्माण के कुछ वर्ष बाद ही पुनः निर्माण कराने जैसी नौबत बन चुकी है। सड़कें अपनी गारंटी की अवधि पूरी नहीं कर पा रही और सड़कों को खोदा जा रहा है तो अब नई बनी सड़कें भी बेतरतीब विकास के कारण बर्बाद होने की स्थिति में आ रही है।

### वर्ष 2024 का था वर्क आर्डर अब डल रही पाइप लाइन

मिली जानकारी के मुताबिक पाइप लाइन डालने का यह वर्क आर्डर वर्ष 2024 का है। पूर्व में यह कार्य विभिन्न कारणों के चलते अटकाए रखा गया और अब जबकि सड़कें बन चुकी तब यह कार्य कराए जाने से कुछ सड़कें गारंटी में रहने के बाद भी उन्हें खोद दिया गया है। मालूम हो कि अमृत-2 योजना के तहत पूर्व में शहर में कई स्थानों पर पुरानी पाइप लाइन के स्थान पर नई पाईप लाइन डाली जा चुकी थी शेष दो किमी की पाइप लाइन का कार्य शेष था जो अब जयस्तंभ से बड़ा बाजार, बड़ा बाजार से तिलक चौक, तिलक चौक से कागदीपुरा होते हुए नीमताल से शहीद ज्योति स्तंभ तक डाली जा रही है। करीब 400 एमएम व्यास की इस पाइप लाइन के लिए सड़क इन स्थानों पर सड़क खोदी गई है। इसमें कुछ सड़कें गारंटी वाली भी खुदना मानी जा रही है। इस खुदाई से कागदीपुरा सड़क तो काफी बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। वहीं नपा के सामने चौराहे के पास जब एक माह पूर्व बनी नई सड़क पर जेसीबी ने खोदने का प्रयास किया तो ठेकेदार ने उसका पंजा रोक दिया।

### इनका कहना है

कायाकल्प योजना के तहत नपा कार्यालय के समीप एक माह पूर्व ही सड़क बनाई थी। इस कार्य का अभी भुगतान तक नहीं हुआ है। इसलिए इस सड़क को खोदने से रोका गया है। इस सड़क को खोदने से बाद अगर बाहर के किसी अधिकारी ने निरीक्षण किया और अगर सड़क को लेकर कोई टीप लगा दी तो भुगतान को लेकर कई तरह की समस्या आ सकती है। इसलिए सड़क को खोदने की बजाय सड़क किनारे पुटपाथ का काफी स्थान है। वहां खुदाई कराए जाने की बात हमने कही है।

**राजकुमार जैन गोलू,**
**ठेकेदार**

शहर में पानी पुरानी पाइप लाइन के स्थान पर नई पाइप लाइन डालने का कार्य चल रहा है। यह कार्य शहर के अन्य क्षेत्रों में पूर्व में हो चुका। करीब दो किमी का कार्य शेष रह गया था, जिसे पूरा कराया जा रहा है। नपा कार्यालय के समीप यह कार्य रुकवाए जाने की जानकारी मिली है। इस संबंध में सीएमओ से चर्चा कर इसका समाधान निकाला जाएगा।

**रामप्रकाश जायसवाल,**
**सब इंजीनियर, जल व्यवस्था प्रभारी नपा**

## न्यूज कार्नर

### विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हुई आयोजित



**गुलाबगंज।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलाबगंज खेल मैदान पर नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन गुरूवार को किया गया। प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचलों के 25 वर्ष तक के बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में गुलाबगंज, हैदरगढ़, ग्यारसपुर की टीमों ने हिस्सा लिया फाइनल मुकाबला ग्यारसपुर और गुलाबगंज के मध्य हुआ जिसमें 31 .22 से ग्यारसपुर की टीम विजेता रही। चयनित टीम जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सहभागिता करेगी। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि सचिन यादव, गुलाबगंज सरपंच प्रतिनिधि ओम प्रकाश घावरी, विद्यालय की प्राचार्य मीना अहिरवार, संजय दीक्षित, लता साहू, खेल प्रशिक्षक गोपाल कुशवाह, कविता अहिरवार, शिवम पटवा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का किया निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेख संधारण एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित नलजल योजनाओं की संपूर्ण जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाए, जिससे आम नागरिकों एवं संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके। उन्होंने जिले में स्थापित सभी हैण्डपम्पों की स्थानवार सूची तैयार कर सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए। रिकॉर्ड रूम के निरीक्षण के दौरान पुराने अभिलेख अव्यवस्थित पाए जाने पर कलेक्टर ने उन्हें वर्षवार अलग-अलग वर्गीकृत कर सूचीबद्ध करने एवं व्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुराने एवं अनुपयोगी उपकरणों को नियमानुसार राइट ऑफकरने की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने शाखा की अलमारियों में रखे अभिलेखों की सूची तैयार कर अलमारी के बाहर प्रदर्शित करने तथा कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों के नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर सहित नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर कान्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन का जायजा

**विदिशा।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कलेक्टर कांफ्रेस के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा मुख्य सचिव अनुराग जैन के द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से की गई। एनआईसी के व्हीसी कक्ष में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया तथा प्रशिक्षु डीएफओ हिमांशु त्यागी समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एलएनसीटी के बल्लेबाजों ने सिस्टेक रातीबड़ को क्रिकेट में चटाई धूल

### एसएटीआई में चल रहा क्रिकेट का मुकाबला

जागरण विदिशा

एसएटीआई में आयोजित 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के दूसरे दिन के मुकाबला एलएनसीटी भोपाल एवं सिस्टेक रातिबड़ के मध्य खेला गया। सिस्टेक रातिबड ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

एलएनसीटी ने पहले बल्लेबाजली करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 176 रन बनाये। एलएनसीटी के बल्लेबाज अभिनीत गौर ने शानदार 75 रन बनाये 42 गेंदों की इस पारी में उन्होंने 7 चौक और 6 छक्के मारे। वहीं उनका साथ देते हुए तरूण ने 20 गेंदों पर 37 रन बनाये इस पारी में उन्होने 3 चौके और 3 छक्के मारे।

सिस्टेक के गेंदबाज रोहित ठाकुर ने 4 ओवर्स में 15 रन देकर 4 विकेट हासिल किये।

जबाब में खेलते हुए सिस्टेक रातीबड़ ने उरेष भारती ने मात्र 24 सर्वाधिक रन बनाये और पूरी टीम मात्र 128 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज एलएनसीटी के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाये। एलएनसीटी के गेंदबाज प्रियांश ने 3 ओर्वस में 27 रन देकर 4 विकेट हासिल किये और शानदार तरीके से दूसरे दौर में अपनी टीम को पहुंचाया। मैन ऑफ द मैच का पुरूष्कार संस्था के इंजी. गजेन्द्र उपाध्याय द्वारा बल्लेबाज अभिनीत गौर को दिया गया।

## वन विभाग की टीम पर लकड़ी चोरों ने किया हमला

### ग्राम छापर में चल रही थी पेड़ों की अवैध कटाई, टीम के रोकने पर बरसाए लाठी ठंठे, एक वन रक्षक गंभीर

जागरण शमशाबाद

वन परिक्षेत्र में एक बार फिर वंरक्षकों पर हमला किया गया। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर लकड़ी चोरों ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार वन परिछेत्र अधिकारी संगीता अमलतास को जानकारी मिली कि कोलुआ के करीब ग्राम छापर में लकड़िया काट कर बेची जा रही है। इस पर संगीता अमलतास द्वारा अपने वरिष्ठ न अधिकारियों देकर कर के उनके निर्देशन पर एक टीम गठित कर ग्राम छापर भेजी गई। जहां लकड़ी चोरों के पास से लगभग एक ट्राली कीमती सागोन की लकड़ी बरामद हुई थी।

जिस पर आक्रोशित लकड़ी चोरों द्वारा



वन विभाग के नाकेदारों कर्मचारी और वंरक्षकों पर लाठियों से हमला बोल दिया, जिसमें दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें शमशाबाद के अस्पताल लाया गया। जहां से एक वनरक्षक चंद्रभान विश्वकर्मा को गंभीर हालत में विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है एवं एक वनरक्षक राम रुचि शर्मा का शमशाबाद के स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया जा रहा है। इस पर रेंजर संगीता अमलतास द्वारा शमशाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि हमारे साथ मारपीट की गई है। इस दौरान नवागत थाना प्रभारी राजपाल सिंह यादव द्वारा बताया गया कि हमें अभी-अभी सूचना प्राप्त हुई है हम इसकी जांच कर शीघ्र ही कार्रवाई करते हैं।

इस कार्यवाही के दौरान चंद्रभान विश्वकर्मा, राम रुचि शर्मा, पूजा शर्मा, नारायण प्रसाद धनकर, राजेश रैकवार, प्रशांत लोहारिया, संतोष राजपूत, धर्मेद्र यादव, फिरोज खान आदि लोग शामिल थे।

## कृषि मंत्री शिवराज के प्रतिदिन पौधेरोपण के 5 वर्ष पूर्ण विधायक ने माधव उद्यान में दिलाया पौधा लगाने का संकल्प



जागरण विदिशा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रतिदिन पौधरोपण संकल्प के सफलतापूर्वक 5 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर माधव उद्यान में सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ पौधरोपण किया तथा सभी को अपने जन्मदिन, अपने परिवारजनों के जन्मदिवस एवं प्रियजनों की स्मृति में प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्षगण सुरेंद्र सिंह चौहान, दिनेश कुशवाहा, प्रशांत खत्री, छात्रपाल शर्मा, पार्षद लीला धर लोधी, रामप्रसाद पासी, शैलेन्द्र सरवैया, बृजेन्द्र, सरदार, महेंद्र दांगी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ भाजपा नेता, पर्यावरण प्रेमी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा हरित और स्वच्छ विदिशा के निर्माण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

विधायक टंडन ने कहा कि पौधरोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक नागरिक वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संतुलन की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने हरित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प दोहराया। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रतिदिन वृक्षारोपण संकल्प के 5 साल पूर्ण होने पर दिल्ली के पूसा परिसर में एक बृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## बुजुर्ग ने खंडहर में ले जाकर नाबालिग से की छेड़छाड़

### 40 गांवों में पुलिस ने चलाया सर्च ऑप्रेशन, आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी पर बीएनएन एवं पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

जागरण विदिशा

महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में थाना त्योंदा पुलिस ने नाबालिग के अपहरण व छेड़छाड़ के गंभीर प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

18 फरवरी को थाना त्योंदा क्षेत्र के फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि



उनकी नाबालिग पुत्री को गांव का ही नन्नू अहिरवार गलत तरीके से पकड़कर खंडहर की और ले गया। वहां ग्रामीणों की आहट पाकर आरोपी मौके से फरार हो गया। रिपोर्ट के आधार पर थाना त्योंदा में बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना त्योंदा पुलिस के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण ग्रामवासियों से विस्तृत पूछताछ, आरोपी के रहन.सहन व्यवहार एवं गतिविधियों का विश्लेषण 50 किमी दायरे के लगभग 40 गांवों में लगातार सर्च ऑपरेशन 220 से अधिक लोगों को आरोपी की फोटो दिखाकर पूछताछ एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों की सहायता से मुख्य मार्गों के बजाय खेतों एवं पगडंडियों से आवागमन तथा सामाजिक संपर्क न रखने जैसी चुनौतियों के बावजूद पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र के माध्यम से गुरूवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जिस आरोपी को गिरफ्तार उसमें नन्नू अहिरवार उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम करारी, थाना त्योंदा शामिल है।

इस कार्यवाही उनि गौरव रघुवंशी, सउनि रघुवीर सिंह राय, प्रआर रविन्द्र सिंह तोमर, आरक्षक अखिलेश, आरक्षक शिवम सिंह तोमर, आरक्षक सतेन्द्र सिंह दांगी एवं महिला आरक्षक खुशबू यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विदिशा पुलिस द्वारा महिला एवं बाल अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति के तहत आगे भी सख्त एवं त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

## विधायक मीणा की मांग पर 116 करोड़ की लागत से बनने वाली 9 सड़कों को बजट में मिली स्वीकृति

जागरण नटेरन

शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भरभर कर खुशियां लेकर आया है जिन गांवों तक संजय सागर, सगड सागर का पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक नही पहुंच पा रहा था लगता है अब इस बजट एक फिर किसानों की आशाओं को बल मिला है। सदन में ध्यानआकर्षण सवाल के माध्यम से विधायक मीणा के सवाल के जबाव मे मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भी आश्वासन दिया है कि जल्द ही जलसंसाधन विभाग दोनों मध्यम परियोजनाओं की नहरों की सर्वे करायेगा। वहीं करारिया से शमशाबाद मार्ग की मांग की स्वीकृति भी बजट में मिल गई है। यह मार्ग पूरी विधानसभा को जिले से जोड़ने का काम करता है अब इस मार्ग का कायाकल्प तकरीवन 75 करोड़ से होगा।

विधायक सूर्यप्रकाश मीणा इन मांगों को लेकर लगातार विधायक मीणा मुख्यमंत्री सचिवालय और विभागीय मंत्रियों से इन सड़कों की स्वीकृति को लेकर संपर्क में थे एवं कई बार पत्राचार भी किया। आखिरकार सफलता मिली और बजट में उन सड़कों की स्वीकृति मिल गई। सबसे महत्वपूर्ण शमशाबाद से करारिया मार्ग है इसकी लंबाई तकरीवन 35 किलोमीटर है अब नए सिरे से इसका निर्माण होगा। बजट में स्वीकृति मिल गई है। यह मार्ग लगभग 75 करोड़ की लागत से बनेगा। 116 करोड़ रूपये की लागत से शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 9 सड़कें निर्मित होंगी जिनकी कुल लंबाई 77 किलोमीटर है।

### यह प्रमुख सड़कें बनेगी

1. करारिया शमशाबाद मार्ग, 2. खामखेड़ा कस्वा से बालाबरखेड़ा तक 3. ग्राम कागपुर से गढ़ला सुरई मूढरा से होती हुई ग्राम परस परसौरा तक। 4. शमशाबाद रोड से कोटरा नामाखेड़ी कोठीचार कलां, सूखा सेमरा मार्ग सांकलखेड़ा, पुरेनिया से गंगरवाड़ा एवं सेमरा पहुच मार्ग। 5. सूखा नीमखेड़ा, परासीगूजर मार्ग। 6. कोटी चार पहुंच मार्ग। 7. खामखेड़ा, वामनखेड़ा, वांसखेड़ा मार्ग। 8. खामखेड़ा लोधाखेड़ी से गंगरवाड़ा मार्ग। 9. पौआनाला से चटुआ मार्ग शामिल है।

### इनका कहना

देखिए तीसरी बार इस विधानसभा के लोगों मुझे विधायक बनाकर विधानसभा भेजा है मेरी कोशिश है अधिक से अधिक विकाश मेरी विधानसभा में हो इसके लिए में लगातार प्रयास कर रहा हूं।

**सूर्यप्रकाश मीणा**
**विधायक शमशाबाद**

शमशाबाद विधान सभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की सड़कों का जाल बिछेगा जिससे आनेजाने वालों लोगों को काफी सुविधा होगी हमारी विधानसभा के लिए ब?ी सौगात है।

**रामकृष्ण रघुवंशी**

### किसानों के माथों पर खिंची चिंता की लकीरें, फसलों पर पड़ेगा प्रभाव

## बेमौसम बारिश से बिगड़ा मिजाज, चलीं सर्द हवाएं

जागरण विदिशा

बुधवार-गुरूवार की देर रात मौसम ने अपनी करवट बदली बदलों की गड़गड़ाहट और ठंडी हवाओं के रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे शहर की सड़कों में भीगी रहीं और सर्द हवाओं के चलते मौसम भी ठंडा रहा जिसके चलते सर्दी ने भी फिर जोर पकड़ना शुरू कर दिया।

गुरूवार की दोपहर में भी मौसम में बदलाव के संकेत देखते मिले। आसमान में बादल छा रहे और हवाओं में ठंडक घुल गई। पिछले कुछ दिनों से तेज धूप के कारण लोगों को ठंड से राहत मिली थी, लेकिन बारिश के बाद मौसम फिर ठंडा हो गया।

मौसम में आए इस बदलाव ने किसानों की भी चिंता को भी बढ़ा रखा है, जिससे खेतों में गेहूं, चना, मसूर और सरसों की फसलें पककर तैयार हो गईं और यदि बारिश तेज होती है या ओलावृष्टि हुई तो



कटाई के दौर में पहुंच चुकी चना और मसूर की फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। किसानों का कहना है कि जिले के धान रकबा वाले क्षेत्रों में इस बार बोवनी लगभग एक माह देरी से हुई थी। कई गांवों में अभी गेहूं में बालियां निकलना शुरू हुई हैं। यदि तापमान में असामान्य उतार.चढ़ाव रहा, तो दाना भरने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को अधिकतम तापमान में लगभग तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आने की संभावना है।

### तेज गिरा पानी या हुई ओलावृष्टि तो फसलों को होगा संकट

किसानों को आशंका है कि यदि मावठा सीमित मात्रा में रहा तो गेहूं के लिए लाभकारी हो सकता है, लेकिन तेज वर्षा या ओलावृष्टि हुई तो चना और मसूर की फसल को नुकसान उठाना पड़ सकता है। फिलहाल मौसम के बदले रुख ने जहां लोगो को फिर से ठंड का एहसास कराया है। वहीं किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।